**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।**

**प्रेस-नोट**

**दिनांक- 04.08.2025**

**विषयः-थाना चौक पुलिस द्वारा चोरी के दो घटना का सफल अनावरण करते हुए 03 नफर अभियुक्तगण को पीली धातु के गहने, (अनुमानित मूल्य 4 लाख रुपये) मोबाइल व नगद 11710/- रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त दशाश्वमेध व प्रभारी निरीक्षक थाना चौक के नेतृत्व में थाना चौक पुलिस टीम द्वारा दिनांक 03.08.2025 को मु0अ0सं0-0093/2025 धारा 331(4), 305(A), 317(2) बीएनएस थाना चौक कमि0 वाराणसी से सम्बन्धित 01 नफर अभियुक्त यासीन खान पुत्र आफताब अहमद पता CK 50/25 हाकाक टोला थाना चौक जनपद वाराणसी उम्र करीब 20 वर्ष को एक बैंग में पीली धातु व सफेद धातु के गहने व 01 अदद मोबाइल, भारतीय करेंसी व विदेशी करेंसी, विभिन्न धातु के सिक्के के साथ दिनांक 03.08.2025 को स्थान-बेनिया बाग कूड़ा खाना के पास से गिरफ्तार किया गया तथा मु0अ0सं0 90/2025 धारा 305(A),331(4),317(2) बीएनएस थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी से सम्बन्धित 02 नफर अभियुक्त क्रमशः 1. श्रीमंता बाउलदास पुत्र देबू बाउलदास निवासी ग्राम मेघसर पो0 मेघसर थाना दादपुर जिला हुगली पश्चिम बंगाल उम्र करीब 30 वर्ष, 2. प्रसेनजित साहा उर्फ लालटू पुत्र स्व0 कनयलाल साहा निवासी 159/2 राज्यधरपुर मलिकपाड़ा सेरामपुर थाना सेरामपुर जिला हुगली पश्चिम बंगाल उम्र करीब 34 वर्ष को एक पीली धातु कुल वजन 8.810 ग्राम (टुकड़ा) व नगद 11,710 रुपये के साथ दिनांक 03.08.2025 स्थान बेनियाबाग पार्क से गिरफ्तार किया गया। आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान सम्बन्धित मु0अ0सं0** – 0093/2025 धारा 331(4), 305(A), 317(2) बीएनएसः- दिनांक 03.08.2025 स्थान बेनिया बाग कूड़ा खाना के पास थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।

**गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान सम्बन्धित मु0अ0सं0** – 0090/2025 धारा 305(A),331(4),317(2) बीएनएसः- दिनांक 03.08.2025 स्थान बेनियाबाग पार्क थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।

**बरामदगी का विवरण सम्बन्धित मु0अ0सं0 - 93/2025 धारा 331(4), 305(A), 317(2) बीएनएसः – (अनुमानित मूल्य :- 3 लाख रुपये।**

1. 18 अदद पीली धातु के कंगन,
2. 3 अदद पीली धातु के हार,
3. 1 अदद सफेद मोती जड़ित हार,
4. 4 अदद मोती युक्त मंगलसूत्र,
5. 2 अदद पीली धातु की चेन,
6. 4 जोड़ी पीली धातु के कान के टॉप्स,

7. 1 अदद पीली धातु की नथिया,
8. 1 अदद पीली धातु का लॉकेट,
9. 2 अदद मोती जड़ित पीली धातु की अंगूठी ,
10. 1 अदद पीली धातु की मांग टीका,
11. 1 जोड़ी पीली धातु का कंगन,
12. 1 अदद काली मोती युक्त मंगलसूत्र,
13. 4 जोड़ी सफेद धातु का पायल तथा
14. 1 अदद सफेद धातु की चेन,
15. 23 अदद भारतीय करेंसी नोट कुल कीमत 24 रुपए
16. 15 अदद भिन्न-भिन्न कीमत की विदेशी करेंसी नोट,
17. एक अदद सफेद धातु की नोट ,
18. 182 अदद भिन्न कीमत वाले धातु के सिक्के
19. एक POCO कंपनी का मोबाइल फोन
20. 1 अदद भूरे रंग का टेडी वाला बैग

**बरामदगी का विवरण सम्बन्धित मु0अ0सं0 - 90/2025 धारा 305(A),331(4),317(2) बीएनएसः – अनुमानित मूल्य ( 1 लाख )**

1. पीली धातु कुल वजन 8.810 ग्राम (टुकड़ा)
2. नगद 11,710/- रुपये

**घटना सम्बन्धित मु0अ0सं0- 93/2025:-**

दिनांक 30.07.2025 को आवेदक द्वारा थाना चौक में लिखित सूचना दी गयी कि दिनांक 29-07-2025 आवेदक सपरिवार BHU के फैकल्टी गेस्ट हाऊस मे जन्म दिन के प्रोग्राम में गए थे और रात 11 बजे अपने घर वापस आ गये थे और सभी लोग अपने अपने कमरे में सो गये थे। इसी दौरान कोई अज्ञात चोर उनके घर में घुस कर कमरे मे रखे आलमारी में से रखे हुए गहने व नगदी 12000 रूपये( बारह हजार रूपये), चुरा ले गये, के सम्बन्ध में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना चौक में मु0अ0सं0-93/2025 धारा 331(4)/305(A) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया गया तथा उपरोक्त चोरी के सफल अनावरण हेतु एक पुलिस टीम गठित की गयी थी। पुलिस टीम के द्वारा सीसीटीवी कैमरे, इलेक्ट्रानिक साक्ष्य व अन्य माध्यम से सुराग रसी पता रसी करते हुए दिनांक 03.08.2025 को स्थान बेनिया बाग कूड़ा खाना के पास से 01 नफर अभियुक्त यासीन खान पुत्र आफताब अहमद पता CK 50/25 हाकाक टोला थाना चौक जनपद वाराणसी उम्र करीब 20 वर्ष को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया गया। आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना सम्बन्धित मु0अ0सं0- 90/2025:-**

दिनांक 27.07.2025 आवेदक द्वारा थाना चौक में लिखित सूचना दी गयी कि आवेदक मकान नं. सीके 53/9 प्रेम दुलारी कटरा राजादरवाजा में किराये पर एक कमरा लेकर सोना चांदी की कारीगरी का काम करता है। दिनांक 18.07.2025 को आवेदक अपना किराये का कमरा बन्द कर अपने घर पश्चिम बंगाल चला गया था। जब घर से वापस आया तो देखा कि कमरे का ताला टूटा हुआ था, अन्दर का सब सामान बिखरा हुआ था। आवेदक सोने की दो चैन बनाकर रखा था जिसका वजन 30 ग्राम था और कुछ कच्चा सोना गलाकर रखा था जो काफी खोजबीन करने का प्रयास किया परन्तु नहीं मिला, किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर लिया गया है, आवेदक के प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना चौक में मु0अ0सं0-90/2025 धारा 305 बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया गया तथा उपरोक्त चोरी के सफल अनावरण हेतु एक पुलिस टीम गठित की गयी थी। पुलिस टीम के द्वारा

सीसीटीवी कैमरे, इलेक्ट्रानिक साक्ष्य व अन्य माध्यम से सुराग रसी पता रसी करते हुए दिनांक 03.08.2025 को स्थान बेनिया बाग पार्क से 02 नफर अभियुक्त क्रमशः 1. श्रीमंता बाउलदास पुत्र देबू बाउलदास निवासी ग्राम मेघसर पो0 मेघसर थाना दादपुर जिला हुगली पश्चिम बंगाल उम्र करीब 30 वर्ष। 2. प्रसेनजित साहा उर्फ लालटू पुत्र स्व0 कनयलाल साहा निवासी 159/2 राज्यधरपुर मलिकपाड़ा सेरामपुर थाना सेरामपुर जिला हुगली पश्चिम बंगाल उम्र करीब 34 वर्ष को एक पीली धातु कुल वजन 8.810 ग्राम (टुकड़ा) व नगद 11,710 रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया। आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>नाम व पता अभियुक्त सम्बन्धित 93/2025 धारा 331(4), 305(A), 317(2) बीएनएसः</u>**

1. यासीन खान पुत्र आफताब अहमद पता CK 50/25 हाकाक टोला थाना चौक जनपद वाराणसी उम्र करीब 20 वर्ष।

**<u>अभियुक्त यासीन खान का आपराधिक इतिहासः-</u>**

1. मु0अ0सं0-93/2025 धारा 331(4), 305(A), 317(2) बीएनएस थाना चौक कमि0 वाराणसी।
2. मु0अ0सं0 - 54/2024 धारा 379/411 भादवि थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।
3. मु0अ0सं0 - 55/2024 धारा 411/413/414 भादवि थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।

**<u>नाम व पता अभियुक्तगण सम्बन्धित 90/2025 धारा 305(A),331(4),317(2) बीएनएसः</u>**

1. श्रीमंता बाउलदास पुत्र देबू बाउलदास निवासी ग्राम मेघसर पो0 मेघसर थाना दादपुर जिला हुगली पश्चिम बंगाल उम्र करीब 30 वर्ष।
2. प्रसेनजित साहा उर्फ लालटू पुत्र स्व0 कनयलाल साहा निवासी 159/2 राज्यधरपुर मलिकपाड़ा सेरामपुर थाना सेरामपुर जिला हुगली पश्चिम बंगाल उम्र करीब 34 वर्ष।

**<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली सम्बन्धित मु0अ0सं0-93/2025 पुलिस टीम का विवरण –</u>**

01. प्रभारी निरीक्षक श्री विमल कुमार मिश्रा थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।
02. उ0नि0 श्री संदीप कुमार सिंह चौकी प्रभारी पियरी थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।
03. उ0नि0 श्री अमृत राज थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।
04. का0 मनोज कुमार सिंह थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।
05. का0 लालू गौड़ थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।
06. का0 मनोज कुमार थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।

**<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली सम्बन्धित मु0अ0सं0-90/2025 पुलिस टीम का विवरण –</u>**

01. प्रभारी निरीक्षक श्री विमल कुमार मिश्रा थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।
02. उ0नि0 श्री प्रणय पाण्डेय चौकी प्रभारी काशीपुरा थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।
03. उ0नि0 श्री आलोक कुमार यादव थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।
04. का0 कुँवर बहादुर सिंह थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।
05. का0 चन्दन पाण्डेय थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।
06. का0 आशीष पाण्डेय थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त काशी जोन**
**कमिश्नरेट वाराणसी**